### भारतपे यूपीआई ने लांच किया महाकुंभ शील्ड

नयी दिल्ली। भारतपे एप ने महाकुंभ शील्ड को लांच किया है। जो प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्रियों के यूपीआई भुगतान को सुरक्षा प्रदान करेगा। यह विशेषरूप से महाकुंभ के लिए डिजाइन किया गया है। यूजर्स 30 दिनों की अवधि के लिए 25 हजार रुपये तक के अपने मोबाइल भुगतान को मुफ्त में सुरक्षित बना सकेंगे। इसका उद्देश्य फिशिंग घोटालों, डिवाइस चोरी होने के कारण अनधिकृत लेनदेन और अन्य साइबर खतरों से बचाना है।

### वैलेंटाइन डे पर अमेजन ने पेश की खास पेशकश

नयी दिल्ली। अमेजन डाट इन ने वेलेंटाइन डे के अवसर पर फैशन, होम डेकोर, किचन प्रोडक्ट्स और फोन एक्सेसरीज को बेहद कम कीमत पर पेश किया है। यहां प्रोडक्ट की शुरुआत सिर्फ़ 99 रुपये से होती है। अमेजन इंडिया के सेंट्रल शॉपिंग एक्सपीरियंस के डायरेक्टर जाहिद खान ने कहा अमेजन में हमारी हमेशा यही कोशिश होता है कि हम अपने ग्राहकों को और भी बेहतर सुविधा प्रदान कर सकें।

## रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई, 10 फरवरी (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 44 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ ही 87.94 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 45 पैसे टूटकर 87.95 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात और एल्यूमीनियम आयातों पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद डॉलर सूचकांक 108 पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि इस कदम से वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर चिंताएं बढ़ गयी हैं, क्योंकि चीन के भी पारस्परिक शुल्क लागू हो गये हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.94 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.95 के सर्वकालिक निचले स्तर तक फिसल गया।

# कमजोर संकेतों से बिकवाली हावी

## एनर्जी, आईटी और मेटल कम्पनियों के शेयर सबसे ज्यादा टूटे



- सेंसेक्स 548.39 अंक गिर कर 77,311.80 पर बंद
- निफ्टी 178.35 अंक लुढ़क कर 23,381.60 पर बंद

मुम्बई, 10 फरवरी (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। बैंक, धातु और पेट्रोलियम शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली हुई। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर गिरे।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 548.39 अंक करीब 0.70 फीसदी की गिरावट के साथ सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 178.35 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आकर 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। एनर्जी, आईटी और मेटल कम्पनियों के शेयर सबसे ज्यादा टूटे है। टाटा स्टील और पावरग्रिड के शेयर में तीन प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। जानकारों के अनुसार सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स के शेयर गिरे। वहीं दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं। वहीं अन्य बाजारों की बात करें तो एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बंद थे। इससे पहले सोमवार सुबह बाजार बड़ी गिरावट में खुले। स्टील स्टॉक्स समेत आईटी और फाइनेंशियल स्टॉक्स में गिरावट की वजह से बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स सोमवार को 19.36 अंक गिरकर 77,840 पर खुला जबकि और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 37.50 अंक की गिरावट लेकर 23,522.45 पर खुला। हालांकि कुछ ही देर में दोनों इंडेक्स में गिरावट बढ़ गयी और सेंसेक्स 77,500 तथा 23,500 से नीचे फिसल गया। इससे पहले 7 फरवरी को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 197 अंक की गिरावट के साथ 77,860 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी 43 अंक लुढ़ककर 23,559 के स्तर पर बंद हुआ था।

## भारतीय फार्मास्यूटिकल निर्यात उड़ान की ओर

नयी दिल्ली, 10 फरवरी (ईएमएस)। एक ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय फार्मास्यूटिकल निर्यात ने 2023 में लगभग 27 बिलियन डॉलर का आंकड़ा दर्ज किया था। इस संख्या के दोगुने होने की संभावना है, जो 2030 तक 65 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है और 2047 तक यह आंकड़ा लगभग 350 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। यह रिपोर्ट भारतीय फार्मास्यूटिकल अलायंस (आईपीए), भारतीय औषधि निर्माता संघ (आईडीएमए) और फार्मेक्सिल द्वारा तैयार की गयी है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का आपूर्तिकर्ता है और अगर वह नये नवाचार और विविधता को अपने निर्यात बास्केट में शामिल करता है।

# सिंगापुर दुनिया का चौथा सबसे अमीर शहर

नयी दिल्ली, 10 फरवरी (ईएमएस)। सिंगापुर दुनिया का चौथा सबसे अमीर शहर बन गया है। अब यह शहर दुनियाभर के करोड़पतियों के लिए सबसे पसंदीदा जगह बन चुका है। यह रिपोर्ट बताती है कि सिंगापुर में अब 244,800 करोड़पति, 336 सेंटी-करोड़पति और 30 अरबपति रहते हैं। पिछले 10 सालों में करोड़पतियों की संख्या में 64 फीसदी का इजाफा हुआ है जिससे इस शहर-राज्य ने विश्व रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर अपनी जगह बनायी है। सिंगापुर एशिया का सबसे धनी शहर बनने की ओर अग्रसर है और ऐसा माना जा रहा है कि यह जल्द ही टोक्यो को पीछे छोड़ देगा। सिंगापुर को व्यापार के लिए सबसे अनुकूल शहर माना जाता है। यहां की आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक माहौल और नीतियों ने इसे दुनिया भर के अमीरों के लिए एक आदर्श स्थान बना दिया है।

### जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड

JK URBANSCAPES

(पूर्व में जे.के. कॉटन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

सीआईएन: U17111UP1924PLC000275

फ़ोन: +011-40823322, ईमेल: swati.srivastava@jkorg.co.in

वेबसाइट: www.jkurbanscapes.com

पंजीकृत कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय: कमला टावर, कानपुर-208001 उत्तर प्रदेश

**पोस्टल बैलेट नोटिस**

एतद् द्वारा जेके अर्बनस्केप्स डेवलपर्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013, (**"अधिनियम"**) की धारा 108 और धारा 110 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के साथ पठित और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**"एमसीए"**) द्वारा सामान्य बैठकें आयोजित करने / ई-वोटिंग के माध्यम से पोस्टल बैलट प्रक्रिया आयोजित करने के लिए सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, संख्या 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, संख्या 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, संख्या 39/2020, 31 दिसंबर, 2020 के अनुसार निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार, कॉर्पोरेट कार्य कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 13 जनवरी 2021 की संख्या 02/2021, दिनांक 23 जून 2021 की संख्या 10/2021, दिनांक 8 दिसंबर 2021 की संख्या 20/2021, दिनांक 5 मई 2022 की संख्या 03/2022, दिनांक 28 दिसंबर 2022 की संख्या 11/2022, दिनांक 25 सितंबर 2023 की संख्या 09/2023 और दिनांक 19 सितंबर 2024 की संख्या 09/2024 ("एमसीए परिपत्र"), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानक (**"एसएस-2"**) और अन्य लागू प्रावधान, जिनमें वर्तमान में लागू कोई भी वैधानिक संशोधन या पुन: अधिनियमन शामिल है, कंपनी केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (**"ई-वोटिंग"**) के माध्यम से रिमोट वोटिंग के जरिए पोस्टल बैलट के जरिए दिनांक 01 फरवरी, 2025 के पोस्टल बैलट नोटिस में निर्दिष्ट निम्नलिखित विशेष व्यवसाय के संबंध में स्पष्टीकरण सहित सदस्यों का अनुमोदन चाहती है:

| क्र. सं. | आइटम का विवरण | संकल्प का प्रकार |
|---|---|---|
| 1. | 'जेकेयू कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना 2025' ("ईएसओपी 2025" / "योजना") का अनुमोदन | विशेष संकल्प |
| 2. | जेकेयू कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना 2025' ("ईएसओपी 2025" / "योजना") के अंतर्गत कंपनी की सहायक कंपनी के कर्मचारियों को कर्मचारी स्टॉक विकल्प प्रदान करने की स्वीकृति | विशेष संकल्प |
| 3. | चिन्हित कर्मचारियों को जारी पूंजी के 1% के बराबर या उससे अधिक कर्मचारी स्टॉक विकल्प प्रदान करने की स्वीकृति | विशेष संकल्प |

उपर्युक्त एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, पोस्टल बैलट की सूचना **सोमवार, 10 फरवरी, 2025** को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी गई है, जिनके ई-मेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (**'डीपी'**) या कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (**"आरटीए"**) अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास **कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025** तक पंजीकृत हैं। पोस्टल बैलेट की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.jkurbanscapes.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों को सूचना नहीं मिलती है, वे इसे ऊपर बताई गई वेबसाइटों से डाउनलोड कर सकते हैं।

ई-वोटिंग के लिए केवल वही व्यक्ति पात्र माना जाएगा, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामी की सूची में दर्ज है। नोटिस का कोई भी प्राप्तकर्ता जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी का सदस्य नहीं था, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से ही लेना चाहिए।

कंपनी के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि:

1. सदस्यों के मतदान अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि **शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025** को उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के अनुपात में की जाएगी।
2. कंपनी ने नोटिस में निर्धारित संकल्प पर अपने सभी सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की सेवाएं ली हैं। ई-वोटिंग के निर्देश पोस्टल बैलेट नोटिस में विस्तार से दिए गए हैं।
3. रिमोट ई-वोटिंग अवधि **मंगलवार, 11 फरवरी, 2025 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरु होगी और बुधवार, 12 मार्च, 2025** को समाप्त होगी। उपरोक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और अवधि समाप्त होने पर सीडीएसएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल को तुरंत निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
4. कंपनी ने ई-वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांचने के लिए सदस्यता संख्या एसीएस 57727 और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट संख्या 23575 के साथ पूर्णकालिक प्रैक्टिस में कंपनी सचिव सीएस वरुण मित्तल को स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया है।

ई-वोटिंग के परिणाम और स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट ई-वोटिंग के समापन से 2 कार्य दिवसों के भीतर घोषित की जाएगी और इसे कंपनी की वेबसाइट **www.jkurbanscapes.com** और CDSL की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर डाला जाएगा। कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर स्क्रूटिनाइजर की रिपोर्ट के साथ ई-वोटिंग के परिणाम भी प्रदर्शित करेगी।

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई-वोटिंग मैनुअल को सहायता अनुभाग के अंतर्गत देख सकते हैं या आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को संबोधित की जा सकती हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल कर सकते हैं।

**बोर्ड की आज्ञानुसार**
**हस्ता/-**
**स्वाति श्रीवास्तव**
कंपनी सचिव
(सदस्यता संख्या: 48654)

स्थान: कानपुर
दिनांक: 10.02.2025

# बैंकों का क्रेडिट ऑफटेक हो रहा धीमा

- नॉन-फूड क्रेडिट ग्रोथ साल-दर-साल बेसिस पर घटकर 11.1 प्रतिशत आयी

मुंबई, 10 फरवरी । लगातार कई महीनों से बैंकों का क्रेडिट ऑफटेक (कर्ज वितरण) धीमा होता रहा है। दिसम्बर 2024 में भी यह सिलसिला जारी रहा। नॉन-फूड क्रेडिट ग्रोथ साल-दर-साल बेसिस पर घटकर 11.1 प्रतिशत रह गयी, जबकि दिसम्बर 2023 में यह 20.1 प्रतिशत (मर्जर के साथ) और 15.8 प्रतिशत (मर्जर के बिना) थी।

रिपोर्ट के मुताबिक गिरावट की मुख्य वजहें हाई बेस इफेक्ट, आरबीआई की सख्त पॉलिसी जैसे बढ़े हुए रिस्क वेट्स और प्रस्तावित एलसीआर नॉर्म्स मानी जा रही हैं। इसके अलावा, बैंकों का फोकस क्रेडिट-टू-डिपॉजिट रेश्यो को कंट्रोल करने पर है, जो अभी भी लगभग 80 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। पिछले दो सालों में 14 से 16 प्रतिशत के बीच की ग्रोथ रेट देखने के बाद, ग्रॉस क्रेडिट ग्रोथ बीते कुछ महीनों से धमकी है और दिसम्बर 2024 में यह घटकर 11.2 प्रतिशत पर आ गयी। इस स्लोडाउन की वजह पर्सनल लोन और सर्विसेज सेगमेंट में गिरावट को माना जा रहा है खासतौर पर अनसिक्योर्ड लोन और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कम्पनियों को दिये गये लोन में कमी के कारण। दिसम्बर 2024 में नॉन-फूड बैंक क्रेडिट की ग्रोथ सिर्फ 11.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल इसी पीरियड में यह आंकड़ा 15.8 प्रतिशत था। इसके अलावा आरबीआई के कड़े कदम और अनसिक्योर्ड लोन के क्षेत्र में स्ट्रेस भी इस कमी की वजह बने। हालांकि हाउसिंग और गोल्ड लोन में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है, जिसने स्थिति को आंशिक रूप से संतुलित किया। सर्विस सेक्टर में भी ग्रोथ धीमी रही और दिसम्बर में यह 11.7 प्रतिशत दर्ज की गयी, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 20 प्रतिशत थी। इंडस्ट्री सेक्टर को दिये जाने वाले बैंक लोन की ग्रोथ मामूली गिरावट के साथ दिसम्बर में 7.2 प्रतिशत रही, जो पिछले साल 7.5 प्रतिशत थी। 'फूड प्रोसेसिंग' और 'पेट्रोलियम व कोल प्रोडक्ट्स' जैसे क्षेत्रों में ग्रोथ देखने को मिली, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट में गिरावट रही।

## वरिष्ठ नागरिकों को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का विशेष पैकेज

मुंबई, 10 फरवरी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अनूठी बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला लांच की है। इन सेवाओं में सीनियर सिटीजन सेविंग्स अकाउंट और सीनियर सिटीजन फिक्स्ड डिपॉजिट्स शामिल हैं। बैंक के कंट्री हेड- रिटेल लाइबिलिटीज और ब्रांच बैंकिंग चिन्मय धोबले ने कहा कि हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को खास महसूस कराना चाहते हैं और इसी सोच के साथ, उनके लिए नयी और उपयोगी सेवाएं लेकर आये हैं। सीनियर सिटीजन सेविंग्स अकाउंट में से हमने उन 30 से ज्यादा शुल्कों को खत्म कर दिया है, जो आमतौर पर सेविंग्स अकाउंट पर लगाये जाते हैं। इसके साथ ही, हमने अपने सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक खास पैकेज तैयार किया है, जिसमें फिक्स्ड डिपॉजिट को समय से पहले तोड़ने पर कोई पेनल्टी नहीं होगी। इसमें हेल्थ बेनेफिट्स, साइबर इंश्योरेंस और वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से बनायी गयी एक खास एप भी शामिल है।

# बसंत में गर्मी, गेहूं की फसल को हो सकता है नुकसान

- देरी से होने वाली गेंहू की बोवनी को हो ज्यादा नुकसान
- कई जिलों में तापमान ३५ डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज

नयी दिल्ली, 10 फरवरी (ईएमएस)। बसंत ऋतु के आगमन पर हल्की ठंड का जो एहसास होता था अब वह गायब हो गया। सूरज की तपिश ने सीधे मई की गर्मी को याद दिलाना शुरू कर दिया है। ऐसे में जहां गेंहू की लेट बोवनी हुई थी, उन फसलों को खासा नुकसान होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

दरअसल खबर है कि ओडिशा में इस साल गर्मी का आगमन जल्द ही हो गया है, क्योंकि फरवरी की शुरुआत में ही कई जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय कार्यालय ने जानकारी दी है कि रविवार को राज्य के छः जिलों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जो कि सर्दी के विदा होते ही तेजी से गर्मी के बढ़ने का संकेत है। यह महज ओडिशा की बात नहीं है, बल्कि देश के अनेक प्रांतों में भी गर्मी दस्तक दे रही है और तापमान 30 के करीब पहुंच चुका है। उत्तर भारत से ठंड गायब होने की जानकारी दी जा रही है। जहां तक मध्य प्रदेश का सवाल है तो बता दें कि यहां के कुछ जिलों में ठंड ने दोबारा दस्तक दी है, लेकिन यह ठंड ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। जैसे ही ठंडी हवाओं का रुख बदलेगा और सूरज की तपिश से धरती गर्म होगी तो तापमान अपने आप ही 30 के पार हो जायेगा। ऐसे में कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने गेंहू की बोवनी लेट की थी उन फसलों पर मौसम की मार पड़ सकती है। मार्च मध्य में काटी जाने वाली फसल को नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

इसका मुख्य कारण मौसम के चक्र में आये बदलाव को बताया जा रहा है। ओडिशा राज्य में सबसे अधिक तापमान बोलांगीर में 36.67 दर्ज किया गया, इसके बाद टिटलागढ़ में 36 रहा। अन्य स्थानों में तापमान पारादीप 35.8, सुंदरगढ़ 35.6, भुवनेश्वर 35.1 और चंद्रबली 35 डिग्री रहा। आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान इसी तरह ऊंचा बना रहेगा, क्योंकि मौसम में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की संभावना नहीं है। गर्मी के इस असामान्य रूप से जल्दी आगमन के कारण लोगों को आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह भी दी गयी है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, हीटवेव (लू) का खतरा भी बढ़ेगा और कुछ जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर सकता है। बसंत में ही खत्म हो रही ठंड के साथ ही लोगों को आने वाली भीषण गर्मी के लिए तैयार रहना होगा।

### HDFC BANK
### एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

**शाखा का पता:** प्रथम तल, पदम, टावर-2, 14/113, सिविल लाइन्स, कानपुर-208001, फोन : 0512-6680634
CIN : L65920MH1994PLC080618 वेबसाइट : www.hdfcbank.com

## मांग सूचना

**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 धारा 13(2) के अन्तर्गत**

जैसा कि, (माननीय एनसीएलटी-मुम्बई द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के आधार पर पूर्ववर्ती एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)** वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अर्न्तगत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना जारी कर जहां नीचे सूचीबद्ध ऋणी/उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/ कानूनन प्रतिनिधियों को नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार संबंधित सूचनाओं की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग सूचना/ सूचनाओं में वर्णित राशि को वापस लौटाने के लिये कहा था। अधोहस्ताक्षरी ने उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात पते के परिसरों में भी इन सूचनाओं को चिपकवाया था। उक्त सूचनाओं की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, तथा उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों यदि वे ऐसा चाहें, उक्त प्रतियों को किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के सिलसिले में एक बार पुनः एतद्द्वारा उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त ऋणी द्वारा निष्पादित लिखित में, यदि कोई हो, किसी भी अन्य दस्तावेजों के साथ पठित ऋण अनुबंध के अंतर्गत कॉलम सी में नीचे वर्णित तिथि से भुगतान एवं/अथवा उगाही की तिथि तक उक्त मांग सूचना में वर्णित लागू होने योग्य दरों पर आगे के ब्याज के साथ यहां नीचे दर्शायी गयी राशि का इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर **एचडीएफसी** को भुगतान कर दें। ऋण की देय पुनर्भुगतान के लिए प्रतिभूति के रूप में क्रमशः उक्त ऋणी द्वारा **एचडीएफसी** के पास निम्नलिखित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को बन्धक रखा गया है:

ऋणी/उधारकर्ता (ओं)/कानूनन वारिस (ओं) /कानूनन प्रतिनिधि (यों) का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13 की उप-धारा(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में प्रतिभूत परिसम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/ कानूनन प्रतिनिधियों का नाम | कुल बकाया धनराशि (रु0)* | मांग सूचना की तिथि | प्रतिभूत परिसम्पत्ति/अचल सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) |
| 1. | **श्री देव प्रकाश मिश्रा श्रीमती राजकुमारी मिश्रा श्री राम प्रकाश मिश्रा** 142 बी न्यू बस्ती नाला रोड बाबा मन्दिर खण्डेपुर के सामने बर्रा कानपुर-208023 | **12,09,021/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 27.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग प्राइवेट प्लाट पर मकान निर्मित खसरा नं 142 बी के भाग पर स्थित ग्राम अर्रा, परगना, तहसील एवं जिला कानपुर नगर, **चौहद्दी : पू**-भाग आराजी, **प**-भाग आराजी, **उ**-6.09 मीटर सड़क, द-भाग आराजी, **क्षेत्रफल : 50.166 वर्ग मी0** |
| 2. | **श्री अमित कुमार राय श्रीमती शैल कुमारी** 3ए/46, कटरी जिऔरा नवाबगंज, आजाद नगर, कानपुर-208001 | **8,30,559/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 28.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग प्लाट नं0 325 पर मकान निर्मित आराजी नं 25 मिन पर स्थित मौजा मिर्जापुर, तहसील एवं जिला कानपुर नगर, **चौहद्दी : पू**-दीगर भूमि, **प**-प्लाट नं0 322, **उ**-प्लाट नं0 326, द-7.62 मीटर सड़क, **क्षेत्रफल : 69.39 वर्ग मी0** |
| 3. | **श्रीमती शान्ति देवी श्री प्रदीप कुमार श्री जयन्त जायसवाल श्री उपान्शू जायसवाल मेसर्स आटो स्पेयर पार्ट्स** द्वारा प्रोपराइटर श्रीमती शान्ति देवी 548, मोतीनगर, उन्नाव-209200 | **9,04,352/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 28.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग प्लाट पर मकान नं0 587 निर्मित, मोतीनगर कालोनी स्थित, खसरा 2292 ग्राम उन्नाव **चौहद्दी : पू**-सड़क, **प**-स्कूल, **उ**-आराजी अमर रतन, **द**-आराजी अमर चन्द्र, **क्षेत्रफल : 182.20 वर्ग मी0** |
| 4. | **श्री मुकेश कुमार** 339/2 ए, नरपती नगर जरौली फेज 1, कानपुर-208001 | **10,27,013/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 28.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग रो हाउस स्थित आराजी नं0 338 के भाग पर ग्राम परसौली तहसील एवं जिला कानपुर नगर, **चौहद्दी : पू**-भाग आराजी, **प**-भाग आराजी, **उ**-अन्य भूमि, **द**-6.10 मीटर चौड़ी सड़क, **क्षेत्रफल : 83.61 वर्ग मी0** |
| 5. | **श्री प्रशान्त कुमार शुक्ला श्रीमती शशि श्री सुशान्त कुमार** म0 नं0 174, राजीव विहार नौबस्ता, कानपुर-208021 | **10,35,754/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 28.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग प्लाट पर मकान निर्मित स्थित आराजी नं0 965 के भाग पर, मौजा नौबस्ता, परगना एवं जिला कानपुर नगर, **चौहद्दी : पू**-दीगर आराजी, **प**-30 फीट सड़क, **उ**-प्लाट नीलम शुक्ला, **द**-मधू सिंह का प्लाट, **क्षेत्रफल : 61.035 वर्ग मी0** |
| 6. | **श्री अवधेश कुमार शर्मा श्रीमती सविता शर्मा** 24/3 विजय नगर हंस नगर, कानपुर-208005 | **28,28,113/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 28.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग युनिट नं0 299-ईडब्ल्यूएस-भाग-4, ब्लाक-फेज-4-योजना-40, पनकी-गंगागंज, केडीए-पनकी योजना, कानपुर नगर, **चौहद्दी : पू**-मकान नं. 300, **प**-5 मीटर चौड़ी सड़क, **उ**-मकान नं0 298, **द**-5 मीटर चौड़ी सड़क, **क्षेत्रफल : 44.80 वर्ग मी0** |
| 7. | **श्री जगजीत सिंह** 43 वार्ड नं0 3 शिशोदिया इलेक्ट्रोनिक्स राजधानी मार्ग शुक्लागंज, उन्नाव-209861 | **3,44,711/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 31.01.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग प्लाट नं0-215 क मिन के भाग प्लाट पर मकान निर्मित स्थित वाके मौजा नेतुआ (शुक्लागज), कालोनी नेहरू नगर, परगना सिकन्दरपुर सरोसी, तहसील एवं जिला उन्नाव, , **चौहद्दी : पू**-प्लाट धर्मेन्द्र सिंह, **प**-15 फीट सड़क, **उ**-20 फीट सड़क, **द**-प्लाट दीगर, **क्षेत्रफल : 130 वर्ग मी0** |
| 8. | **श्रीमती नफीशा बेगम** प्लाट नं0 1, गायत्री नगर, सनिगवां रोड, सनिगवां कानपुर नगर, कानपुर- 208021 | **10,15,895/-** दिनांक 31.12.2024 तक | 03.02.2025 | समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग खसरा नं0-1863 मिन के भाग पर मकान, ग्राम दहेली सुजानपुर, तहसील कानपुर सदर, जिला-कानपुर नगर, **चौहद्दी : पू**-आराजी का भाग, **प**-6.09 मीटर चौड़ी सड़क, **उ**-आराजी का भाग, **द**-गुप्ता जी का मकान, **क्षेत्रफल : 66.88 वर्ग मी0** |

* भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू दर से ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क सहित। यदि, उक्त ऋणदाता **एचडीएफसी** को उपरोक्त भुगतान करने में विफल होते हैं, तो इस अधिनियम की धारा 13(4) लागू होने योग नियमों के अंतर्गत **एचडीएफसी** लागतों एवं परिणामों के संदर्भ में उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/ कानूनन प्रतिनिधियों की सम्पूर्ण जोखिम पर ऊपर प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/अचल सम्पत्तियां के प्रति आगे की कार्रवाई करेगी।

इस अधिनियम के अंतर्गत **एचडीएफसी** की पूर्व लिखित सहमति के बिना उक्त ऋणी/उधारकर्ता/कानूनन वारिसों/कानूनन प्रतिनिधियों बिक्री, पट्टा अथवा अन्य रूप में उपरोक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/अचल सम्पत्तियों का अंतरण नहीं कर सकते हैं।

यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करते हैं अथवा इस अधिनियम के प्रावधानों अथवा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों का उल्लंघन करने पर इस अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत कैद एवं/अथवा दंड हो सकता है।

**दिनांक: 11.02.2025**
**स्थान : कानपुर**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के लिए
प्राधिकृत अधिकारी

पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बपत मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम) मुम्बई-400 020

## बाजार भाव

### सर्राफ

चाँदी 999 (प्रति किलो)-98000, सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल-102500, सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल-105000, सोना बिसकुट (दस ग्राम)-87900, गिन्नी (प्रति नग)-65550-65750


**दयालू ज्वैलर्स**
59/45 बिरहाना रोड, कानपुर
25000 की खरीद पर निश्चित उपहार
BIS HALLMARK Gold Jewellery
IGI Diamond Jewellery Certified
7651966520 ,9336251965


### अनाज ( प्रति कुन्तल )

गेहू दड़ा 2850-2900, आरआर-21 3050-3100 गेहू फारम 3150-3200, जौ 2300-2400, ज्वार 2000-2700, बाजरा 2400-2450, मकाई 2400-2500

### दलहन

चना 5700-5800 अरहर 5500-5800, मसूर 5500-5600, मटर 3200-3300, उड़द हरा 12500-13000, उड़द काला 7500-8500, मूंग 7000-7500

### दाल ( प्रति कुन्तल )

अरहर फूल 11600-11700, अरहर स्पेशल 9500-9600, चना दाल 7500-7600 मटर दाल 4400-4500 मसूर मलका 7200-7300 मसूर दाल 7400-7450 उड़द दाल 7800-15000, उड़द धोवा 9500-11500, मूंग दाल 8000-9500, मूंगधोवा 9000-10500

### तिहलन ( प्रति क्विं )

लाही 5250-5650 अलसी 4500-4600, अण्डी 4750-4850, तिल्ली 9500-10300 ,मूंगफली दाना शिवपुरी-8200-9800 बटाली 7500-9000, सेहूँआ 4000 -4500

### तेल ( प्रति कुन्तल )

सरसों कोल्हू 13500-13600, अलसी 12800-12900, अंडी 14100-14200

### गुड़ ( प्रति क्वी. )

पंसेरा 3650-3750 मंगलौर लड्डू 4300-4350 देशी भेली 4000-4100

### शक्कर दाना ( प्रति क्वी. )

एम-30 4400-4500

### घी देशी ( प्रति कुन्तल )

खुर्जा 62500-63500, औरैय्या- 52300-52400,माधौगढ़ - 57000-57500

### ब्रांडेड देशी घी ( प्रति टिन )

अनिक 8650, पातीराम 8200

## कार्यालय जिला पंचायत, बांदा

पत्रांक 1325/ख0पं0शु0व0ठेका/ई-आक्शन/2024-25 | दिनांक 10 जनवरी 2025

**खनिज परिवहन शुल्क वर्ष 2025-26**
**ई-आक्शन/संशोधित नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 सरकारी गजट में दिनांक 11 जनवरी, 2014 को प्रकाशित उपविधि के प्राविधानों एवं दर संशोधित गजट दिनांक-28.05.2022 एवं निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 के पत्र संख्या-221/33-सेल/2025. जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, लखनऊ दिनांक 13 जनवरी, 2025 के अनुसार एवं खनिज परिवहन शुल्क की वसूली शासनादेश संख्या-023/33-2-2018-114जी/2008 टी0सी0 पंचायतीराज अनुभाग-2 दिनांक 15 फरवरी 2018 के अनुसार जिला पंचायत, बांदा के कार्यालय पत्र संख्या-1281 दिनांक 21 जनवरी, 2025 द्वारा जिला पंचायत बांदा की खनिज परिवहन ठेका/नीलामी वर्ष 2025-26 (दिनांक-01.04.2025 से दिनांक 31.03.2026) तक के लिये ई-नीलामी आमंत्रित हेतु समय सारिणी निर्गत की गई थी। दिनांक-07.02.2025 को मा0 उच्च न्यायालय द्वारा ई-नीलामी के सम्बंध में जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक के पत्र दिनांक-13.01.2025 के साथ संलग्न स्टैण्डर्ड बिडिंग के सम्बंध में कतिपय बिन्दुओं पर पुन: विचार कर संशोधित किये जाने के निर्देश दिये गये है। तत्क्रम में निदेशक, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 के पत्र संख्या-531/33-सेल/2025 दिनांक-07.02.2025 द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक-07.02.2025 को की गई सुनवाई पर लिखित निर्देश प्राप्त होने की प्रतीक्षा में जिला पंचायतों द्वारा आमंत्रित उक्त ई-आक्शन/नीलामी की तिथि 10 दिवस के लिये बढ़ाये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है तथा यह भी उल्लिखित किया गया है कि मा0 न्यायालय द्वारा लिखित निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त दिनांक-13.01.2025 द्वारा निर्गत पत्र के कतिपय बिन्दुओं को पृथक से स्पष्ट करते हुये निर्देश प्रदान किये जायेंगे। उपरोक्त खनिज परिवहन करने वाले वाहनों से शुल्क वसूली सम्बंधी ठेका/नीलामी हेतु ई-आक्शन पोर्टल **http://eauction.gov.in** पर ई-नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है। निदेशक, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 के पत्र संख्या-531/33-सेल/2025 दिनांक 07.02.2025 के अनुपालन में ई-नीलामी की संशोधित समय सारिणी का विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 | गतिविधि | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-नीलामी के प्रकाशन की तिथि | 22.01.2025 | प्रात: 10:00 बजे से |
| 2. | दस्तावेज अपलोड/प्रारम्भ करने की तिथि | 22.01.2025 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 3. | दस्तावेज अपलोड/भुगतान करने की अंतिम तिथि | 18.02.2025 | सायं 5:00 बजे से |
| 4. | दस्तावेज के तकनीकि परीक्षण की प्रारम्भ तिथि | 19.02.2025 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 5. | दस्तावेजों के तकनीकि परीक्षण की अंतिम तिथि | 20.02.2025 | सायं 5:00 बजे तक |
| 6. | ई-नीलामी की प्रारम्भ तिथि | 22.02.2025 | मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 7. | ई-नीलामी की अंतिम तिथि | 22.02.2025 | सायं 5:00 बजे तक |

ई-नीलामी फार्म दिनांक 18.02.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक **http://eauction-gov-in** पर उपलब्ध रहेगा। प्रकरण में मा0 न्यायालय द्वारा शासन को लिखित निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त दिनांक-13.01. 2025 द्वारा निर्गत पत्र के कतिपय बिन्दुओं को शासन द्वारा पृथक से स्पष्ट निर्देश प्राप्त होने तक शेष शर्ते यथावत रहेगी

(धर्मेन्द्र कुमार)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत बांदा

(सुनील सिंह)
अध्यक्ष
जिला पंचायत बांदा